# शहर के 3 सराफा प्रतिष्ठानों में जीएसटी की जांच

## एनटीएबीजन ब्यूरो की टीम ने बुधवार की दोपहर शुरू की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 जनवरी. कर अपवंचन के मामले में स्टेट जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो ने रीवा शहर के फोर्ट रोड स्थित सर्राफा बाजार में पृथक-पृथक तीन प्रतिष्ठानों में छापामार कार्यवाही की।**

बुधवार की दोपहर लगभग 12.30 बजे से शुरू की गयी छापे की कार्यवाही देर रात तक चली। गुरूवार को पुन: कार्यवाही की जायेगी। जीएसटी की संयुक्त टीम जिसमें सतना एवं रीवा के अधिकारी शामिल हैं,द्वारा सर्राफा व्यापारिक प्रतिष्ठान गुप्ता आर्नामेंट हाउस,न्यू गुप्ता गोल्ड पैलेस एवं जीडी एण्ड संस में रेड डाली गयी है। एक साथ शहर के प्रमुख सर्राफा बाजार में तीन कारोबारियों के यहां शुरू हुई जीएसटी छापे की कार्यवाही से पूरे सार्राफा मार्केट में हड?प मच गया है। नये साल की यह पहली बड़ी कार्यवाही है। सहायक आयुक्त विवेक दुबे,सहायक आयुक्त नवीन दुबे एवं राज्य कर अधिकारी शैलेन्द्र पाण्डेय अलग-अलग टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। गुप्ता आर्नामेंट हाउस के प्रोपाइटर संतोष कुमार गुप्ता के पारिवारिक सदस्य,न्यू गुप्ता गोल्ड पैलेस के प्रोपाइटर राजकुमार गुप्ता एवं जीडी एण्ड संस के प्रोपाइटर दीपक ताम्रकार बताये जा रहे हैं। खबर है कि जीडी एण्ड संस प्रतिष्ठान के प्रोपाइटर के बाहर होने के कारण आगे की कार्यवाही गुरूवार को होगी। बताते हैं कि जीएसटी एंटी इवेजन के सहायक आयुक्त विवेक दुबे के नेतृत्व में जब टीम पहुंची तो उन्हें पहले ग्राहक समझा गया लेकिन जब उन्होंने अपना परिचय दिया तो दुकान में बैठे सबके चेहरों का रंग पीला पड़ गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि तीनों सर्राफा प्रतिष्ठान में छापे की कार्यवाही से बड़े टैक्स चोरी का खुलासा होगा।

### खंगाले जा रहे दस्तावेज

जीएसटी टीम द्वारा दुकानों के अलावा व्यापारियों के घरों में भी दबिश दी गयी। टीम द्वारा स्टॉक और दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। क्रय-विक्रय की रसीदों एवं बिलों की गहन पड़ताल शुरू है। जीएसटी की रेड हुई है तो टैक्स चोरी उजागर होना तय है। विभागीय संयुक्त आयुक्त राकेश साल्वी के प्रभावी मार्गदर्शन व निर्देशन में जीएसटी की टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। अमूमन व्यापारी वास्तविक कारोबार की तुलना में जीएसटी रिटर्न कम फाइल करते हैं। टर्नओवर काफी दिखाया जाता है। जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो के राडार में सर्राफा कारोबारी गुप्ता परिवार कुछ समय से था। संदेह को पुख्ता करने बुधवार को छापे की कार्यवाही ही कर दी गयी। कर चोरी की वास्तविकता राशि जांच पूरी होने के उपरांत ही स्पष्ट होगी। तीनों जगह 10-10 सदस्यीय टीम पुलिस बल की मौजूदगी में कार्यवाही कर रही है।





# बोलेरो और बाइक में टक्कर, दो घायल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 7 जनवरी. गोड़बहरा में आज शाम 6 बजे मोटरसाइकिल और बोलेरो कैंपर के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें दो बुजुर्ग घायल हो गए।**

ॅघायलों की पहचान हीरालाल यादव उम्र 60 वर्ष और छोटेलाल यादव 65 वर्ष के रूप में हुई है, जो मटिया के निवासी हैं। घटना गोड़बहरा हाई स्कूल के पास हुई, जब दोनों बाइक सवार सरई बाजार से अपने घर जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत सरई अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। सरई अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, दोनों बुजुर्गों की स्थिति स्थिर है, लेकिन उन्हें आगे की जांच और इलाज के लिए रेफर किया जा सकता है। घायलों के परिजन सरई अस्पताल में पहुंचे कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



# एयरपोर्ट रीवा में की गई मॉकड्रिल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 7 जनवरी, एयरपोर्ट रीवा में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया. अग्निशमन विभाग के तत्वधान में एयरपोर्ट के सभी हितधारकों ने मिलकर मॉक ड्रिल में भाग लिया.**

आग से होने वाली आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए यह ड्रिल वर्ष में एक बार की जाती है. ड्रिल में यात्रियों का आग से बचाव एवं देखरेख का अभ्यास कराया गया एवं सभी हितधारकों को ऐसी स्थिति से निपटने के बारे में जानकारी प्रदान की गई. ड्रिल के दौरान एयरपोर्ट निदेशक योगेंद्र रजक, शुभम शर्मा, प्रभारी अग्निशमन ऐश्वर्य मीणा, इंडिगो एवं एलायंस एयर के स्टेशन प्रबंधन अमित तिवारी एवं राजकुमार पटेल, स.उप.नि अजय तिवारी सहित संबंधितजन उपस्थित रहे.




# अनियमितता के आरोप में प्रभारी प्राचार्य निलंबित

## शासकीय हाई स्कूल मलगा टोला का मामला, समिति ने की थी जांच

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 जनवरी । जिले के शासकीय हाई स्कूल मलगा टोला के प्रभारी प्राचार्य को आर्थिक अनियमितता के आरोप में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा ने आज दिन बुधवार को निलंबित कर दिया है।**

जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक डीईओ एसबी सिंह ने पिछले माह 16 दिसम्बर को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा को जांच प्रतिवेदन के आधार पर अवगत कराया था कि प्रभारी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल मलगा टोला में पदस्थ मो. गयासुद्दीन सिद्धिकी के द्वारा छात्र-छात्राओं के नामांकन एवं अंकसूची में जानबूझकर त्रुटि पूर्ण नाम अंकित, संबल कार्ड का नम्बर गलत अपलोर्ड करना, योजना के लाभ से वंचित करना, त्रुटिपूर्ण जानकारी के लिए संसोधन के नाम पर छात्र-छात्राओं से पॉच से दस हजार रूपये की मांग करना, विरोध करने पर छात्र-छात्राओं को प्राईवेट कर देने की धमकी दी जा रही थी। इस तरह की शिकायते उक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावको के द्वारा जिला प्रशासन के यहां शिकायते की गई थी। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर त्रिस्तरीय जांच टीम गठित की गई। जहां शिकायतो एवं अन्य बिन्दुओं के आधार पर जांच की गई। जिसमें अकादमिक स्तर पर कई अनियमितताएं पाई गई।

प्राप्त अभिलेखों अनुसार प्राचार्य अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते नही पाये गये और इसमें घोर लापरवाही पाई गई। इसके अलावा प्रश्नोत्तरी का जवाब मनगढ़ंत दिया गया। इतना ही नही विद्यालय के शिक्षको ने भी शिकायत किया, इसके लिए भी दो सदस्यीय जांच टीम से जांच कराई गई। इस दौरान कई गड़बड़िया मिली और अतिथि शिक्षक भी प्राचार्य के व्यवहार से खफा थे। इतना ही नही प्रभारी प्राचार्य भी विद्यालयीन सामग्री लेपटॉप, प्रिंटर, पंखा, मोटर पंप सहित अन्य सामग्रियां अपने घर उठा ले गये। बताया गया कि जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रभारी प्राचार्य को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा ने निलंबित करते हुये मुख्यालय शाउमा विद्यालय लमसरई नियत किया गया है।

# विलासपुर एवं सहुआर में रेत का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त

- सासन चौकी एवं जियावन थाना पुलिस ने की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 जनवरी । सासन चौकी पुलिस ने ग्राम विलासपुर में दबिश देते हुये एक ट्रैक्टर जप्त किया है। वहीं जियावन पुलिस ने भी बीती रात सहुआर में घेराबंदी कर रेत से भरे ट्रैक्टर जप्त कर कार्रवाई की है।**

जानकारी के अनुसार सासन चौकी प्रभारी संदीप नामदेव की पुलिस टीम ने विलासपुर में एक ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 66 ए 2976 को अवैध रेत से भरे पाये जाने पर जप्त कर मुन्नीलाल शाह पिता जसलाल शाह उम्र 40 वर्ष निवासी तियरा के विरूद्ध अपराध धारा 303(2),317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान खनिज एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्रवाई में उनि. संदीप नामदेव चौकी प्रभारी सासन, प्रआर संतोष साकेत, आर राजकुमार, फतेबहादुर सिंह, विकास सिंह की सराहनीय योगदान रहा। इधर जियावन थाना प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु रोशनी कुर्मी ने बीती रात पुलिस टीम के साथ छीबा में सहुआर मोड़ के पास बीना नम्बर का एक ट्रैक्टर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया। जिसे जप्त कर कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी के अलावा एएसआई सोहनलाल प्रजापति, प्रआर रमेश चंदन, सुरेश सोनी, रामसुन्दर विश्वकर्मा, आर खूम सिंह, दिनेश कुमार, बबलू, सदन का योगदान सराहनीय रहा।



# चित्रकूट विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कल

**सतना 07 जनवरी.**कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 9 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से चित्रकूट नगर पंचायत कार्यालय में चित्रकूट विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी। बैठक के पश्चात विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया जायेगा। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

# आइडियल कंपनी जयंत में छंटनी पर बवाल

## कलेक्टर कार्यालय पहुंचा मामला, बिना कारण डेढ़ सैकड़ा श्रमिक बाहर



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 जनवरी । जिले के जयंत क्षेत्र में संचालित आइडियल कंपनी के खिलाफ श्रमिकों का गुस्सा अब प्रशासनिक चौखट तक पहुंच गया है।**

करीब आधा सैकड़ा से अधिक प्रभावित श्रमिक आज दिन सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सिंगरौली पहुंचे, जहां उन्होंने कंपनी के कर्ताधर्ताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई। श्रमिकों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन ने बिना किसी स्पष्ट कारण के लगभग एक सैकड़ा पुराने श्रमिकों को काम से बाहर कर दिया, जबकि उनकी जगह नए श्रमिकों को रख लिया गया। श्रमिकों द्वारा दिए गए आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है कि वे लंबे समय से कंपनी में कार्यरत थे और नियमित रूप से ड्यूटी निभा रहे थे। इसके बावजूद न तो कोई पूर्व सूचना दी गई और न ही किसी प्रकार का कारण बताया गया। इतना ही नहीं श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें पिछले एक माह का वेतन भी अब तक नहीं दिया गया है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मीडिया कर्मियों के माध्यम से श्रमिकों ने अपनी स्थिति को बयां किया है। मीडिया कर्मियों से यह भी कहा कि किसी प्रकार का आरोपात्मक प्रदर्शन नहीं है, बल्कि श्रमिक अपनी पीड़ा, रोजगार छिनने की चिंता और बकाया वेतन की समस्या को सामने रखते नजर आ रहे हैं। आवेदन पत्र में यह भी जिक्र है कि कई परिवार पूरी तरह इसी रोजगार पर निर्भर थे और अचानक काम छिन जाने से बच्चों की पढ़ाई व घरेलू खर्च प्रभावित हो रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभाग को तत्काल संज्ञान लेने के निर्देशित किया, जिसके बाद विभाग द्वारा आइडियल कंपनी के कर्ताधर्ताओं को तलब किया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद कंपनी प्रबंधन में हलचल देखी जा रही है। श्रमिकों का कहना है कि यदि जल्द ही उन्हें न्याय नहीं मिला, तो वे आगे भी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। वहीं स्थानीय स्तर पर यह सवाल भी उठने लगा है कि औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों के अधिकारों की अनदेखी आखिर कब तक होती रहेगी। अब देखना यह है कि प्रशासन की जांच के बाद कंपनी पर क्या कार्रवाई होती है और पीड़ित श्रमिकों को उनका हक कब तक मिल पाता है।

# सड़क पर दुकान लगाने वालों को दी गई समझाइश

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 जनवरी । नगर पालिक निगम द्वारा सुव्यवस्थित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए सड़को आसपास दुकान लगाकर आवागमन प्रभावित करने वालो के विरूद्ध कार्रवाही की जा रही।**

इसी क्रम में नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी विपिन तिवारी के द्वारा ननि वार्ड क्रमांक 32 इंद्रा चौक रोड पर सड़क में दुकान लगार सब्जी फल का विक्रय करने वाले व्यापरियों को समझाईस दी गई कि सड़क पर अतिक्रमण कर सब्जी दुकान संचालित नहीं करे। आप सभी लोग सब्जी मंडी पर दुकान संचालित करें । साथ ही यह भी कहा कि गया दोबारा अतिक्रमण कर सड़क पर दुकान लगाने पर आप सब के विरूद्ध चलानी कार्रवाही करने के साथ ही सामान जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता मौजूद रहा।



# ठंड के प्रभाव से कक्षा-5वीं तक के विद्यालयों में अवकाश घोषित

**नवभारत न्यूज**

**सतना 07 जनवरी, शीतऋतु के प्रभाव से कक्षा 5वीं तक विद्यालयों में अवकाश घोषित /कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले में शीतऋतु के प्रभाव से तापमान में आ रही गिरावट, शीतलहर एवं कोहरे से तापमान 5 डिग्री सेल्सियस होने के दृष्टिगत प्री प्राइमरी से कक्षा 5वीं के विद्यालयों में 8 से 10 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है।**

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार बढते ठंड के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड सकता है। जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, आईसीएसई, सीबीएसई तथा अन्य मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों के लिए 8 से 10 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों में शीत लहर को देखते हुए 8 जनवरी से 10 जनवरी तक बच्चों को नहीं बुलाया जाएगा।

# मैहर में आनंद उत्सव 14 से

**नवभारत न्यूज**

**सतना/मैहर 07 जनवरी. राज्य शासन के निर्देशानुसार आनंद विभाग म.प्र. शासन द्वारा ग्राम पंचायत से लेकर विकासखण्ड स्तर तक 14 जनवरी से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव के आयोजन किये जायेंगे।**

जिला स्तर पर आनंद उत्सव का आयोजन 4 फरवरी के पूर्व किया जायेगा। कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में संपन्न तैयारियों संबंधी बैठक में यह जानकारी दी गई। आनंद उत्सव के नोडल अधिकारी बीसी तिवारी ने आनंद उत्सव की कार्य योजना 2026 की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार इस बार 50 वर्ष से ऊपर के नागरिक और दिव्यांगजनों को आनंद उत्सव में विशेष रूप से शामिल किया जायेगा। ग्राम और वार्ड स्तर से लेकर जिला स्तर तक 14 जनवरी से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव आयोजित होंगे। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर और शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर 14 से 24 जनवरी और विकासखण्ड स्तर पर 24 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव के आयोजन होंगे।

# सतना में खुलेगा पायलट ट्रेनिंग सेंटर, जल्द होगा भूमिपूजन

## दिल्ली की दो कंपनियां शुरू करेंगी सतना में पायलट प्रशिक्षण, पायलट ट्रेनिंग हब बनने की ओर सतना, सभी अनुमतियां पूरी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 7 जनवरी. जिला वासियों को भले ही अभी तक अपने शहर के एयरपोर्ट से नियमित हवाई सेवा का लाभ नहीं मिल सका हो, लेकिन अब सतना को विमानन क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है।**

बहुत जल्द शहर में पायलट ट्रेनिंग सेंटर की शुरुआत होने जा रही है, जिससे स्थानीय स्तर पर विमान उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना का भूमिपूजन संभावित रूप से 15 या 16 जनवरी को किया जाएगा। सतना एयरपोर्ट प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पायलट ट्रेनिंग सेंटर संचालन की जिम्मेदारी दिल्ली की दो प्रतिष्ठित कंपनियों—एयर मैन एकेडमी और एडीपी—को सौंपी गई है। दोनों कंपनियों को प्रशासन की ओर से आवश्यक सभी प्रकार की अनुमतियां प्रदान कर दी गई हैं। भूमिपूजन के तुरंत बाद कंपनियां एयरपोर्ट परिसर में बंकर निर्माण सहित अन्य आवश्यक ढांचागत कार्य शुरू करेंगी।गौरतलब है कि सतना एयरपोर्ट का निर्माण वर्षों पहले हो चुका है, लेकिन अब तक यहां से नियमित हवाई सेवाएं शुरू नहीं हो सकी हैं। इसके विपरीत, कम समय में ही रीवा हवाई अड्डा शुरू हो चुका है, जहां से दिल्ली और इंदौर एटीसी 72 का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में सतना में पायलट ट्रेनिंग सेंटर की शुरुआत को एयरपोर्ट के भविष्य के उपयोग की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि पायलट ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना के बाद आने वाले समय में सतना से भी नियमित हवाई सेवाओं की राह आसान होगी और शहर विमानन मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बना सकेगा।

### तो सतना से निकलेंगे पायलट

ट्रेनिंग सेंटर के शुरू होने के बाद सतना में पायलटों को हवाई जहाज उड़ाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे न केवल जिले की पहचान विमानन प्रशिक्षण के क्षेत्र में बनेगी, बल्कि युवाओं को पायलट बनने का अवसर भी अपने ही शहर में उपलब्ध होगा।

**एजेंसी देनी है**

आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष समाचार पत्र **नवभारत** सतना को बिरसिंहपुर, जैतवारा, उचेहरा, पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, पहाड़ी खेरा , सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो . नं .- 9098286391, 7828109523

# कमिश्नर और संभागीय रोल ऑब्जर्वर ने अमरपाटन, मैहर में एसआईआर का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**सतना/मैहर 07 जनवरी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मैहर जिले में विधानसभा क्षेत्र 65 मैहर और 66 अमरपाटन में निर्वाचक नामावली 2026 के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है।**

कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद ने बुधवार को मैहर जिले के अमरपाटन और मैहर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय पहुंचकर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान चल रहे दावा आपत्ति के सुनवाई कार्य का जायजा लिया। कमिश्नर रीवा श्री जामोद ने कहा कि मतदाताओं के दावा सत्यापन कार्य में बीएलओ के साथ स्थानीय क्षेत्र के पटवारी का भी सहयोग लिया जाये तो ज्यादा आसानी होगी। कमिश्नर एवं रोल आब्जर्वर श्री जामोद ने मैहर ईआरओ एवं एसडीएम दिव्या पटेल और अमरपाटन ईआरओ एवं एसडीएम डॉ. आरती सिंह के कार्यालय के कक्ष में बैठकर मतदाताओं के दावे की सुनवाई कार्य का अवलोकन किया। मैहर ईआरओ के सुनवाई कक्ष में कमिश्नर की मौजूदगी के दौरान विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों के मतदाता पूजा, सुधा, प्रतिमा, उमेश, वंदना, सीमा सहित 10 मतदाताओं की सुनवाई समक्ष में ईआरओ द्वारा की गई। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मैहर रानी बाटड, संयुक्त कमिश्नर एस.एल. अहिरवार, एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दिव्या पटेल, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जितेन्द्र पटेल, अमरपाटन में एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. आरती सिंह, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार आर.डी. साकेत भी उपस्थित रहे।





**डॉ. अभिषेक मिश्रा**
BDS. MDS, FRS
- ओरल मैक्सिलोफेसियल प्लास्टिक सर्जन
- फैलोशिप इन राइनोप्लास्टी
- गंभीर रूप से टूटे हुए जबड़े की हड्डी के विशेषज्ञ

समय: सुबह 10 से शायं 07 बजे तक

12000 से ज्यादा जबड़े की सर्जरी का अनुभव

मंगलवार-शनिवार सुबह 10 से 2 बजे तक बिरला हॉस्पिटल,सतना

पता: **ओरामैक्स दंत चिकित्सालय** चर्च के सामने, डॉ. दीपक अग्रवाल के बगल में बोदा बाग रोड, रीवा

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

मो. 8109642865

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99